Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 10-06-2023 | अंक 590

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### झामुमो ने चलाया सदस्यता अभियान



**अपेम लाइव : लातेहार**

बरवाडीह/लातेहार : झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव के निर्देश पर झामुमो के नेत्री महिला मोर्चा के प्रखंड अध्यक्षा सह बीस सुत्री सदस्य आरती देवी दास ने बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के कई अलग– अलग स्थानों पर संगठन को मजबूत बनाने और अधिक से अधिक सदस्य को जोड़ने के उद्देश्य से सदस्यता अभियान चलाया।इस दौरान श्रीमती दास ने दर्जनों से अधिक सदस्य जोड़ा।

### कोनरा : खराब चापाकल की कराई गई मरम्मती



**अपेम लाइव : बरही**

बरही प्रखंड अंतर्गत कोनरा पंचायत में खराब पड़े चापाकलों का मरम्मती पीएचडी विभाग के जेई विमल कुमार के निर्देश पर किया जा रहा है। विदित हो की कोनरा पंचायत में कुछ दिन पूर्व भारी जलसंकट की समस्या से जूझ रहा था। लोग टैंकर से पानी मंगाकर पीने को मजबूर थे। जिसको देखते हुए खराब पड़े हैंडपंप का मरम्मती किया गया। ताकि ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से ना जूझना पड़े। मौके पर पंसस मो यूसुफ, उपमुखिया प्रतिनिधि मो इजहार, वार्ड सदस्य मो सागर, समाजसेवी सोनू उर्फ गुफरान, मो वारिस, मो कमल, मो इसरार, मंजूर आलम, मो आसिफ, मो मेहताब उर्फ डबलू मुख्य रूप से मौजूद थे।

### कल से होगा आशुतोष आदित्य मेमोरियल टी–20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज, 8 टीम लेंगी हिस्सा



**अपेम लाइव : बरही**

बरही स्पोर्ट्र्स एसोसिएशन के सौजन्य से बरही प्रखंड मैदान में रविवार से आशुतोष आदित्य मेमोरियल टी–20 नोक आउट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। टूर्नामेंट में कुल 8 टीमें भाग ले रही हैं। ग्रुप ए में इंक्रेजीबल क्लब हजारीबाग, वीएसजी कोड. रमा, स्पोटिंग यूनियन तिलैया एवं रॉयल ऑर्किड स्कूल बरही क्रिकेट टीम को रखा गया है। वही ग्रुप बी में रैंबो स्कूल, इंडियन एंथम, बीएसए ए एवं बीएसए बी क्रिकेट टीम को रखा गया है। 11 जून को टूर्नामेंट का पहला मैच खेला जाएगा। जानकारी बीएसए के संरक्षक अब्दुल मनान वारसी ने प्रेस बयान जारी करते हुए दिया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि आशुतोष व आदित्य एक अच्छे खिलाड़ी थे। जिनके याद में हरेक वर्ष टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता हैं।

# नगवां टॉल प्लाजा में ओवरलोडिंग के नाम पर हो रहा हर दिन लाखो रूपया का अवैध वसुली

## टॉल मैनेजर नही सुना तो होगा आंदोलन : गौतम

**अपेम लाइव : हजारीबाग**







आदर्श युवा संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष सह नगवां टॉल प्लाजा के आंदोलनकारी गौतम कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नगवां टोल प्लाजा में हो रही ओवरलोडिंग में धांधली के खिलाफ एक बार फिर से आवाज बुलंद किये है।गौतम कुमार ने कहा कि नगवां टोल प्लाजा के मैनेजर कृष्णकांत मिश्रा हर दिन एनएचआई के नियमो को अनदेखी कर प्रत्येक दिन ओवरलोडिंग के नाम पर लाखों रुपया का अवैध वसुली कर अपना पैकेट गर्म कर रहा।जो कि हज़ारीबाग जिला के जनता के लिए बहुत बुरी खबर है।यह मैनेजर दिन भर शराब के नशा में डुबा रहता।यहां तक एनएचआई के नियम के खिलाफ ओवरलोडिंग में फास्टैग से पैसा न लेकर 300 से 400 रु का टैक्स के जगह 1000 रु करके अवैध वसुली का नियम बना लिया है। टॉल प्लाजा आंदोलन के समाप्ति के दौरान टoल मुक्त आन्दोलन समिति के तत्वधान में हज़ारीबाग वासियों को छोटे वाहन में आधार कार्ड दिखाकर पास होने की सहमति व टॉल गेट के दोनों छोर में फास्टैग न लगाकर टोल गेट को खुला छोड़ने की सहमति बनी थी।लेकिन यह मैनेजर अपने अड़ियल रवैया शराब व अय्यासी के लिए अवैध वसुली पर उतर आया है।इस मामले को ट्वीट कर केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गटकरी ,एनएचआई ,हज़ारीबाग उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया है।गौतम कुमार ने चेतावनी टॉल मैनेजर को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर इस तरह का दुबारा धांधली टोल प्लाजा में हुआ तो फिर से हज़ारों व्यक्तियों के समुह के साथ आन्दोलन किया जाएगा।

# जिला ग्राम गाड़ी योजना समिति की बैठक संपन्न

**अपेम लाइव : लातेहार**





लातेहार : उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में जिला ग्राम गाड़ी योजना समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई।बैठक में उक्त योजना के कार्यान्वयन स्वीकृति पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।बैठक में उपायुक्त ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना को धरातल पर लाना है। सरकार की इस योजना का उद्देश्य गांव से प्रखंड, जिला मुख्यालय एवं शहर तक आवागमन की सुविधा बहाल करना है। इससे गांव के किसान मजदूर, छात्र दृ छात्राओं को शहर तक आने में सुविधा होगी। वहीं मरीजों के लिए अस्पताल तक पहुंचना सुलभ होगा। योजना में शामिल होने वाले वाहन मालिकों को सरकारी टैक्स में भी बड़ी राहत दी जाएगी। साथ ही इस योजना के तहत वाहन संच. ालन पर सरकार द्वारा छूट दी जाएगी। ग्रामीण बस सेवा के लिए पहले से निर्धारित रूट के अतिरिक्त इस योजना के तहत वैसे मार्गों पर भी बस चलेगी जहां के लिए जिला प्रशासन द्वारा नए सिरे से रूट का निर्धारण किया जाएगा। इसके लिए प्रखंड स्तर पर लिए गए प्रस्ताव को जिला स्तर पर विचार विमर्श के पश्चात राज्य स्तर से स्वीकृ ति मिलने के बाद वाहनों का संचालन किया जाएगा।बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष सिंह ने बताया कि इस योजना के तहत प्रथम परमिट निर्गत 5 वर्ष की अधिकतम अवधि के लिए मार्ग कर में छूट दी जाएगी एवं परमिट शुल्क मात्र 1 रुपए लिया जाएगा। इस योजना के तहत वैसे हल्के और मध्यम दर्जे के व्यावसायिक चार पहिया वाहन, जिसकी क्षमता चालक को छोड़कर 42 यात्रियों को ले जाने की होगी, उन्हें परमिट व अन्य सुविधाएं दी जायेगी।इसके तहत वाहनों को अस्थायी परमिट नहीं दिया जायेगा। योजना में लाभार्थियों के चयन में एसी, एसटी एवं ओबीसी को प्राथमिकता दी जाएगी। इस योजना के तहत जिस मार्ग के लिए परमिट स्वीकृत की जाएगी उसी मार्ग पर वाहन का परिचालन होगा। इसके लिए वाहन में जीपीएस लगाना अनिवार्य होगा। मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का उद्देश्य ग्राम पंचायतों को प्रखंड स्तर से जोड़ने, नजदीकी उच्च शिक्षण संस्थानों, चिकित्सा संस्थानों, नजदीकी मुख्य मार्ग और नजदीकी व्यवसायिक केंद्रों से जोड़ने पर ध्यान केंद्रित करना है। साथ ही दिव्यांगों, विद्यार्थियों एवं पेंशनधारियों के लिए इस वाहन से यात्रा करने पर विशेष छूट मिलेगी।बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप , एलडीएम शांति प्रसाद टोप्पो, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, बस एसोसिएशन के प्रतिनिधि एवं वीडियो कoन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी जुड़े थे।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## भूगर्भ जल का संचयन और संरक्षण वर्तमान समय की आवश्यकता : ए. के सिंह

### जल के बिना जीवन संभव नहीं : सुधीर चंद्रा

**अपेम लाइव : बरही**





इस चराचर जगत में सृष्टि की प्रत्येक जीव जल के बिना अधूरे हैं। अर्थात बिना जल के इनकी कल्पना निरर्थक है। अतः जल संरक्षण और संचयन की अति आवश्यकता है। इसके लिए भूगर्भ जल का संचयन एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। वर्तमान दौर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से हम वर्षा के जल का समुचित ढंग से उपयोग करते हुए भूमिगत संचयन भी कर सकते हैं। क्योंकि यही भूमिगत जल आगे चलकर हम मानवों के लिए अति आवश्यक हो जाता है। जो विभिन्न माध्यमों से निक. ालने के बाद हमारे लिए जीवनदायिनी बन जाती है। अतः हमें जल चक्र को संयमित करते हुए जल संरक्षण पर विशेष रूप से कदम उठाने की आवश्यकता है। वर्तमान दौर में यह आवश्यकता ही नहीं बल्कि एक आंदोलन का रूप होना चाहिए, क्योंकि भूमिगत जल प्राकृतिक रूप से छन कर हमें आदि काल से जीवन प्रदान कर रही है। अतः हम सभी को भूमिगत जल के संरक्षण एवं संचयन पर काम करते हुए इसे अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। तब जाकर हम सभी जीवो के लिए पेयजल के साथ-साथ अन्य जल की आवश्यकताओं की पूर्ति के बारे में ठोस कदम उठा पाएंगे। इसके लिए बरसात के जल को छोटे-छोटे चेक डैम बनाकर संरक्षित कर सकते हैं ।साथ ही साथ घर से निकलने वाले जल का भूमि में संचयन करके भी जल का संरक्षण कर सकते हैं। तभी जाकर यह धरती सभी जीव जंतुओं के लिए रहने लायक बन पाएगी। अतः हम सबको यह प्रण लेना चाहिए कि हमें भूमिगत जल का संरक्षण जरूर करना है। इसीलिए कहा गया है जल है तो कल है। वहीं नवोदय पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य सुधीर चंद्रा ने कहा की भूगर्भ जल दिवस की बधाई और इस दिवस की महता को व्यापक करने की मुहिम आज की जरूरत है। जल एक पर्यावरणीय संसाधन है। इसके बिना पृथ्वी पर जीवन संभव नहीं है। ब्रह्मांड में पृथ्वी जैसे अन्य ग्रह हैं। जहां जीवन संभव नहीं है इसका मुख्य कारण जल एवं वायु है। आज हम लोग तेजी से जल को प्रदूषित करते जा रहे हैं और भौम जल स्तर को नष्ट करते जा रहे हैं। डीप बोरिंग की प्रतियोगिता में जल का स्तर पताल की ओर जा रहा है। जिसका उदाहरण आज कुआं तालाब नदी आदि सूखते जा रहे हैं। इससे पृथ्वी में जल का संचय खत्म हो रहा है इसके लिए सरकारी योजना के तहत डीप बोरिंग पर प्रतिबंध लगना चाहिए और अधिक से अधिक प्राकृतिक संसाधन के द्वारा जल की व्यवस्था करनी चाहिए। जिससे पृथ्वी के अंदर जल का स्तर को ऊपर उठाया जा सकता है और धरती में नमी या आद्रता लाई जा सकती है। इसके लिए बड़े पैमाने पर सामाजिक जागरूकता अभियान चलानी होगी इस कार्य में वृक्षारोपण, मिट्टी के कटाव को रोकना, चारागाह की व्यवस्था करना, प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करना तभी भविष्य में आने वाले जल संकट से निजात पा सकते हैं अर्थात अभी हमारे कई ऐसे राज्य हैं जहां पीने योग्य पानी के लिए लोग एक दूसरे का जान ले लेते हैं या महिलाएं बहुत दूर से पानी लाती है जो देखकर लगता है कि आने वाला दिन में जल संकट इतना गहरा हो जाएगा कि हम लोग को जल बैंक बनाना पड़ेगा।

## फोरलेन निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण से असंतुष्ट हैं ग्रामीण

**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए भूमि के अधिग्रहण में मुआवजे के रेट को लेकर पेंच फंसता नजर आ रहा है।राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 75 के फोरलेन सड़क निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहित एवं भूमि दस्तावेज जमा करने को लेकर शिविर आयोजित गई।अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय होटवाग के प्रांगण में रैयतों को भूमि दस्तावेज जमा करने को लेकर अधिकारियों के द्वारा शिविर आयोजित कि गई थी।सैकड़ों की संख्या में रैयत मौजूद थे।सभी ने शिविर में उपस्थित अधिकारियों से पूछा कि आपकी मुआवजा की राशि क्या है,क्या-क्या सरकार के द्वारा प्रवधान है,तो अधिकारियों ने कहा कि इस फोरलेन के लिए मात्र 8000आठ हजार प्रती डीसमील सरकार के तरफ से मुआवजा दिया जाएगा,इसी पर सभी रैयत भड़क गए एवं बहिष्कार करते हुए,भाग खड़े हुए।और इनके विरोध में हो हल्ला हंगामा चालू हो गया। एवं किसी ने अपना भूमि दस्तावेज जमा नहीं किया।जिससे की आम शि. विर नहीं हो पाया। रैयतों का कहना है, कि चार सौ साल से हमारे पूर्वज जिस जमीन पर जोत कोड़ करते आ रहे हैं।सरकार और प्रशासन के द्वारा इतनी कम राशि देने कि बात कही जा रही है,जो घोर अन्याय है। जबकि भारत सरकार का भूमि अधिग्रहण कानून के तहत रेट चारगुना देने का प्रावधान है।मौके पर लक्ष्मण यादव,राजधानी यादव, हरिशंकर यादव,प्रभु यादव, दिनेश्वर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, राजमुनी राम, विजय राम,मन्टु राम, शभु यादव,विशुनदेव यादव,वीरेंद्र यादव, संजय यादव,सुरेंद्र यादव, बसंत यादव, अमित यादव,रंजीत यादव, हीरा यादव,सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## पुलिस ने बीती रात मुख्य चौक से अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया

**अपेम लाइव: बडकागॉव**



बड़कागांव : अवैध बालू उत्खनन एवं कारोबार को लेकर थाना प्रभारी विनोद तिर्की के नेतृत्व में पुलिस के द्वारा सघन छापेमारी की गई। छापेमारी में शुक्रवार 1रु30 रात को बड़कागांव मुख्य चौक से अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जप्त किया गया है। मामले को लेकर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है ।अवैध बालू खनन को लेकर थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि 10 जून से 15 अक्टूबर तक एनजीटी लागू है । नदियों में बालू खनन करना एवं बालू का उठाव करना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है । निर्धारित तिथि के दौरान नदियों से बालू का उठाव करते या बिना चालान का बालू कारोबार करते पकड़े जाने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आरोपी को छोड़ा नहीं जाएगा।

## तीन सड़क लुटेरा गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**अपेम लाइव : लातेहार**



बालूमाथ/लातेहार : बालूमाथ पुलिस ने सड़क लूट गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में एसडीपीओ अजीत कुमार ने बताया कि पिछले माह बालूमाथ-हेरहंज मुख्य मार्ग के बनियों ग्राम के पास रंजन कुमार रवि से अपराधियों ने पिस्टल के दम पर मोटरसाइकिल और मोबाइल लूट लिया था ।इस संबंध में बालूमाथ थाना में मामला दर्ज होने के बाद एसपी अंजनी अंजन के निर्देश पर एसडीपीओ अजीत कुमार के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया। टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर इस लूट कांड में शामिल तीन लूटेरों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लूटेरों में अमर कुमार, सनोज कुमार और मासूम शामिल हैं। एसडीपीओ ने बताया कि इस कांड में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी टीम के द्वारा छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर लूटी गई मोटरसाइकिल व मोबाइल बरामद कर ली गयी है। इसके अलावा लूट कांड में इस्तेमाल किया गया मोटरसाइकिल ( जेएच-01ईएल- 3334) जब्त किया गया है ।एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार सनोज कुमार पहले भी मोटरसाइकिल चोरी मामले में नामजद अभियुक्त रहा है। एसआईटी टीम में एसडीपीओ के अलावा पुनि शशि रंजन कुमार, थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, पुअनि कुबेर साव व नीतीश कुमार के अलावा जिला पुलिस के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## बरही : पूर्व विधायक के नेतृत्व में भाजपा द्वारा आयोजित लोकसभा स्तरीय जनसभा में सैकड़ों भाजपाई हुए शामिल

**अपेम लाइव : बरही**



भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्लस टू हाई स्कूल मैदान हजारीबाग में लोकसभा स्तरीय जनसभा का आयोजन किया गया। वहीं बरही विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में इस जनसभा में शामिल होने सैकड़ों भाजपाई हजारीबाग पहुंचे। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा की नौ साल बेमिसाल केंद्र सरकार की उपलब्धियां आम जनमानस के बीच पहुंचाई गई है। जिससे जनता में काफी उत्साह है। वहीं 2024 के चुनाव में जनता पुनः मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार को देखना चाहती है। साथ ही उन्होंने कहा की झारखंड की हेमंत सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार विधि व्यवस्था, स्वास्थ्य व्यवस्था, शिक्षा व्यवस्था सहित अन्य सारी व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। पूरी प्रदेश की जनता हेमंत सरकार से त्रस्त है। इस दौरान जिला जीप उपाध्यक्ष सह संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव, जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, चौपारण मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेंद्र रजक, बरही पश्चिमी जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, खिरोधर यादव, मोतीलाल चौधरी, मणिलाल यादव, अमित सिंह, टेकलाल यादव, डिलो पासवन, राजदेव यादव एवं रितेश गुप्ता सहित सैकड़ों अन्य भाजपाई मौजूद थे।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## बी डी ओ ने बिरहोरों के बीच साड़ी धोती और लुंगी का किया वितरण

### बिरहोर परिवारो को डाकिया अनाज योजना का भी मिला लाभ







**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**

कान्हाचट्टी : शनिवार को प्रखंड के बक्चुम्बा पंचायत के वीरेखाप गांव में बिरहोर परिवारों के बीच प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो पहुंचे, और पहुंचने के बाद सभी बिरहोर परिवारों को सरकार के सबसे कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री महतो ने विरहोर के गांव में पहुंचकर लूंगी साड़ी धोती एवं ड०किया योजना के तहत बिरहोरों को दिए जाने वाले अनाज का वितरण किया। अनाज व धोती साड़ी एवं लूंगी लेकर बिरहोर परिवार पूरा खुश नजर आए। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो ने कहा कि आदिम जनजातियों में शुमार बिरहोर परिवार के लिए सरकार इन्हें सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है। जिसके तहत ही आज धोती साड़ी आदि का वितरण इनके बीच किया गया। वहीं उन्होंने कहा कि बिरहोर परिवार खेती बारी करने लगे हैं इसलिए इनके लिए मनरेगा योजना से इस गांव में दीदी बाड़ी योजना भी दिया जाएगा। मौके पर कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## ई संजीवनी टेली कंसल्टेशन 2.0 को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : जिला मुख्यालय स्थित श्री राम वाटिका होटल के सभागार में चिकित्सकों एवं सीएचओ को ई संजीवनी टेली कंसल्टेशन 2.0 को लेकर सिविल सर्जन डॉ दिनेश प्रसाद की अध्यक्षता में एक दिवसीय प्रशिक्षण व समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई । इस बैठक में सभी प्रखंडों के सीएचओ को स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को लेकर के एक व्यक्ति तक कैसे बेहतर तरीके से पहुंचाया जाये इसको लेकर प्रशिक्षण दिया गया। स्टेट के प्रशिक्षक डॉ. अंकित गुप्ता द्वारा ई संजीवनी के बारे में जानकारी दी गई साथ ही मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ कैसे मुहैया कराई जाये ,इन्हीं बातों को लेकर सीएचओ को प्रमुख रूप से जानकारी दिया गय। साथ ही साथ ग्रामीण क्षेत्रों में रहकर बेहतर कार्य कर रहे सीएचओ को प्रशस्ति पत्र देकर सिविल सर्जन डॉ दिनेश द्वारा सम्मानित भी किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्टेट प्रशिक्षक अंकित गुप्ता , जिला यक्ष्मा पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी एनसीडी डॉ. शोभना टोप्पो , डॉ. श्रवण कुमार महतो , डॉ. सुनील कुमार भगत , डॉ. सुरेश राम , डॉ. नंदकुमार पांडेय , डॉ. दिव्य शिखा कुजूर , अशोक कुमार , राजीव कुमार , शिव शंकर कुमार , एनडीसी प्रबन्धक परवेज अख्तर , विनय कुमार , सीएचओ मनमीत एक्का , कविता नगेसिया , नीरा एक्का , शंध्या सुमन एक्का , पुनम आंइद , ज्योति तिग्गा , धर्मी कुमारी , निशा नुतन टोप्पो , श्वाति लकड़ा , मृदुला ईली शीब्बा लकड़ा , रूपा अनसरिया , कुश्मिता टोप्पो , रोशनी हंसपूर्ति , अणु किरण नगेसिया , समेत अन्य सीएचओ व स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा मध्यस्थता प्रक्रिया जागरूकता को लेकर शिविर का आयोजन

### मध्यस्थता प्रक्रिया के माध्यम से लंबित वादों को आसानी सुलझाएं : गौरव खुराना

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**




झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर मन का मिलन पखवारा कार्यक्रम के तहत शनिवार को प्रखंड मुख्यालय सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा मध्यस्थता प्रक्रिया की जागरुकता को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डालसा सचिव गौरव खुराना तथा मध्यस्थ गौरव सहाय शामिल हुए। डालसा सचिव गौरव खुराना ने कहा कि मध्यस्थता प्रक्रिया के माध्यम से पक्षकारों के बीच जितने विवाद चल रहे होते हैं, वह सभी एक ही सुलहनामा के आधार पर समाप्त करने की प्रक्रिया में आ जाते हैं। कहा कि वैसे मामले जो सिविल कोर्ट में विचारण हेतु लंबित है, उसे पक्षकार संबंधित न्यायालय में एक आवेदन देकर मध्यस्थता केंद्र में मामला मंगाकर वहां आसानी से सुलह कर सकते हैं। कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य मध्यस्थता प्रक्रिया के बारे में लोगों को विशेष जानकारी तथा अपने लंबित वादों को सुलह के आधार पर आसानी से समाप्त करना है। मध्यस्थ गौरव सहाय ने कहा कि मध्यस्थता एक सरल व आसान प्रक्रिया है, जो कोर्ट में चल रही प्रक्रिया से भिन्न है। कोर्ट के मामलों में अंत में एक पक्ष की हार और दूसरे पक्ष की जीत होती है, जबकि मध्यस्थता प्रक्रिया में दोनों पक्षों के पास जीत की स्थिति होती है। इसलिए इस प्रक्रिया को अधिक से अधिक अपनाने की आवश्यकता है। वहीं, बीडीओ संजय कुमार कोंगारी ने भी मध्यस्थता प्रक्रिया के बारे में बातें रखी और इसे अपनाने की बात कही। शिविर में लाभुकों के बीच पेंशन, जॉब कार्ड, राशन कार्ड, किशोरी समृध्दि योजना आदि का स्वीकृति पत्र, टीबी मरीजों के बीच निक्षय किट, मुर्गी-बतख चूजा वितरण के अलावा सखी मंडल के बीच 49 लाख रुपये का स्वीकृति पत्र सौंपा गया। मौके पर प्रमुख जैबुन निशा, उपप्रमुख सरयू साव, बीस सूत्री अध्यक्ष गिरजा साव, सीओ रामबालक कुमार, मधुसूदन प्रसाद, मुखिया उत्तम महतो, राजू श्रीवास्तव समेत कई जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## इमरान खान बने जामिया नूरिया इस्लाम अंजुमन कमेटी के नए सदर

**अपेम लाइव : लातेहार**



महुआडांड़/लातेहार : महुआडांड़ जामिया नूरिया जिया उल इस्लाम अंजुमन कमेटी का चुनाव संपन्न हो गया ।इस तीन पदों के लिए 6 लोगों के द्वारा न०मिनेशन कराया गया । सदर पद के लिए इमरान अली व हयूम अंसारी ने न०मिनेशन कराया कराया था। जहां इमरान अली को 246 वोट मिले व ह्यूम अंसारी को 213 वोट मिला इस तरह से 33 वोट ज्यादा पाकर इमरान अली सदर पद के लिए निर्वाचित हुए ।सेक्रेटरी पद के लिए नुरुल होदा व मजहर खान के द्वारा न०मिनेशन किया गया था। जहां मजहर खान को 256 वोट व नुरूल होदा को 204 वोट प्राप्त हुए ।इस तरह से 52 वोट अधिक लाकर मजहर खान विजयी घोषित किए गए। वही खजांची पद के लिए शाहिद कमाल व जसीम शेख ने पर्चा भरा था जहां शाहिद कमाल को 340 वोट व जसीम शेख को 120 वोट मिले। वहीं शाहिद कमाल 220 वोट अधिक लाकर खजांची पर काबिज हुए। चुनाव कमेटी के द्वारा जीत की घोषणा करने के उपरांत सभी निर्वाचित सदस्यों को चुनाव कमेटी के द्वारा निर्वाचन प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसके बाद सभी लोगों के द्वारा निर्वाचित सदस्यों को फूल माला पहनाकर वह गले लगा कर जीत की बधाई दी गई। वहीं निर्वाचित सदस्यों के द्वारा जीत के उपरांत मस्जिद में शुकराना नमाज़ अदा किया गया और उपस्थित लोगों के बीच मिठाइयां भी बांटी गई। लोगों चुनाव कमेटी व प्रशासन का किया शुक्रिया अदा चुनाव शांतिपूर्ण एवं सहद्र वातावरण में कराने को लेकर महुआडांड़ के लोगों के द्वारा चुनाव कमेटी बनाई गई थी जिसमें 10 लोगों का नाम शामिल किया गया था। जिसमें 1खुर्शीद खान,2शबीब खान उर्फ भोलू, 3सफरूल खान, 4कमाल अहमद, 5असलम खलीफा, 6अंजर खान, 7खुर्शीद आलम,8 शहीद खान,9आजाद अहमद,व 10 मोहम्मद मुर्शीद का नाम शामिल था। चुनाव कमेटी के सभी सदस्यों के द्वारा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर जिम्मेदारी दी गई थी ।वहीं चुनाव को लेकर प्रशासन की ओर से दंडाधिकारी की नियुक्ति भी की गई थी। चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लेकर महुआडांड़ पुलिस प्रशासन का भी सराहनीय योगदान रहा है। अंजुमन कमेटी महुआडांड़ व आवाम व निर्वाचित सदस्यों के द्वारा शुक्रिया अदा किया गया।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## जेठ्ठ जतरा में आदिवासी एकता व परम्परा की झलक देखने को मिलती है : रामचंद्र सिंह

**अपेम लाइव : लातेहार**




महुआडांड़/लातेहार : महुआडांड प्रखंड के सेम्बरबुढ़नी मे शनिवार को जेठ्ठ जतरा का आयोजन किया गया। जहाँ आदिवासी समाज के पूर्वजों द्वारा संचालित सत्र सदन के साथ वार्षिकोत्सव मनाने का महा जुटान का भव्य कार्यक्रम है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि जेठ्ठ जतरा में आदिवासी समाज की एकता व परम्परा की झलक देखने को मिलती है। आदिवासी समुदाय जिसने वर्षों से सांस्कृतिक व परम्परा को रखने का काम किया है। वही जेठ्ठ जतरा कमिटी के सदस्य जेरोम जेराल्ड कुजूर ने बताया कि उरांव आदिवासी समुदाय के ग्राम प्रधानों ( महतो) के बैठक का सुचना प्रसारित करने का माध्यम जेठ्ठ जतरा होता था। उरांव समुदाय का वर्ष अषाढ़ से शुरु होकर जेठ के अंतिम महिना में होता है ।जिसमें साल भर की समीक्षा एवं नये साल की योजना बनती है। अन्य वक्ताओं ने बताया कि जेठ्ठ जतरा आदिवासी संस्कृति का अभिन्न अंग है। आदिवासी बहुल इलाके में पूर्वज द्वारा बनाया गया मिनी संसद है जहाँ आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक चेतना के पक्ष में विचारधारा बनाने का काम किया जाता है। जेठ्ठ जतरा के माध्यम से समाज की एकजुटता को कायम रखने एंव संवैधानिक अधिकारों कि जन जन तक पहुंचाने का मुल उद्देश्य है। जेठ्ठ जतरा में आदिवासी 11 गांवों की टीम नृत्य प्रतियोगिता में भाग लिया। जहाँ प्रथम, द्वितीय व तीसरे आने वाले नृत्य टीम को आयोजन मंडली द्वारा ईनाम देते हुए अन्य टीम को सांतावा पुस्कार दिया गया। कार्यक्रम में विधायक रामचंद्र सिंह के साथ अन्य डीएसपी राजेश कुजूर, सरना धर्म अगुवा मनेश्वर उरांव घाघरा, प्रमुख कंचन कुजूर, उप प्रमुख अभय मिंज, जेरोम जेराल्ड, इस्तेखार अहमद, बलराम उरांव, विनोद खलखो, प्रवीण, सहित कई गाँव के बैग्रा पहान, ग्राम प्रधान, मुखिया प्रतिनिधि सहित भारी संख्या में महिला पुरुष व युवतियों मौजूद थी। मंच का संचालन प्रवीण व विनोद के साथ युवा संघ के युवाओं व युवतियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लकी डॉ का आयोजन भी किया गया था।

## झारखंड आंदोलनकारी शहीद रामधनी मंडल का शहादत दिवस मना

**अपेम लाइव: विष्णुगढ**



झारखंड आंदोलन के दौरान अपनी जान कुर्बान करने वाले विष्णुगढ़ प्रखंड के शहीद आंदोलनकारी रामधनी मंडल का 41वां शहादत दिवस उनके पैतृक गांव बंदखारो में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कपिलदेव चौधरी तथा संचालन जिला मीडिया प्रभारी संजय पटेल ने किया। बतौर मुख्य अतिथि झामुमो जिलाध्यक्ष शंभूलाल यादव के अलावा केंद्रीय समिति सदस्य रामकिशोर मुर्मू, जिला सचिव नीलकंठ महतो, वरिष्ठ नेता रामकिशोर महतो आदि शामिल हुए। अतिथियों समेत कार्यकर्ताओं ने शहीद की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर शहीद के आश्रितों को पार्टी की ओर से अंगवस्त्र प्रदान किया गया। झामुमो जिलाध्यक्ष ने कहा कि शहीद रामधनी मंडल, साधु महतो, सैनाथ महतो तथा शनिचर महतो स्व. टेकलाल महतो के सच्चे साथी थे। झारखंड अलग राज्य आंदोलन में टेकलाल बाबू के साथ साथियों ने कंधे से कंधा मिलाकर साथ दिया था। शहीद रामधनी मंडल सामंतवादियों द्वारा किये जा रहे शोषण के खिलाफ अपनी आवाज को बुलंद करते रहे और अपने क्षेत्र में गरीब गुरबों की आवाज बनकर काम करते रहे। उनसे प्रेरणा लेने की जरूरत है। जिला सचिव नीलकंठ महतो ने कहा कि शहीद रामधनी मंडल जनता के लिए हमेशा समर्पित थे और आमजनों की लड़ाई लड़ते हुए शहीद हुए। झामुमो उनकी पहचान और विरासत को कभी मिटने नहीं देगा। कार्यक्रम को प्रखंड अध्यक्ष कपिलदेव चौधरी समेत अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस दौरान कई लोगों ने जनसमस्याओं को भी रखा। मौके पर जोबर पंचायत अध्यक्ष टेकामन महतो, अजय कुमार मंडल, बासुदेव साव, लालचंद मंडल, महेंद्र महतो, भीम महतो, अमृत ठाकुर, चंद्रशेखर महतो, शोभी मंडल, सैलून खान समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## झारखंड बंद के समर्थन में एनएच 522 रहा घंटों जाम

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**


नियोजन नीति के खिलाफ सातमील मोड़ पर सड़क जाम करते बंद समर्थक

ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन के आह्वान पर 60:40 नियोजन नीति के विरोध में आहूत दो दिवसीय झारखंड बंद का विष्णुगढ़ में व्यापक असर रहा। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति झारखंड बंद का नैतिक समर्थन देते हुए बंद समर्थक सुबह छह बजे से सड़क पर उतर आए और एनएच 522 में सातमील मोड़ को जाम कर दिया। सड़क पर बैठकर बंद समर्थक सरकार के विरोध में जोरदार नारेबाजी करने लगे। जिसके कारण विष्णुगढ़-हजारीबाग, विष्णुगढ़-गोमियां तथा विष्णुगढ़-बगोदर रोड में वाहनों की लंबी कतार लग गई। हालांकि जाम से आवश्यक सेवा वाले वाहनों को जाम से मुक्त रखते हुए रास्ता दिया गया। करीब चार घंटे तक बंद समर्थक सड़क पर डटे रहे। इसके उपरांत विष्णुगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों से जाम को हटा लेने का आग्रह किया। जिसके बाद जाम हटा लिया गया। झारखंड बंद का विष्णुगढ़ बाजार क्षेत्र में कोई खासा असर देखने को नहीं मिला। सभी दुकानें, प्रतिष्ठान, कार्यालय, बैंक, पेट्रोल पंप आदि आम दिनों की तरह खुले रहे। बाजार में भी लोगों की आवाजाही बनी रही। बंद समर्थकों ने कहा कि आंदोलन को चार चरणों में बांटा गया है। पहले चरण में 60रू40 नियोजन नीति को रद्द करने को लेकर सभी विधायकों एवं सांसदो से समर्थन लिया गया। दूसरे चरण में सखुआ पत्ता लेकर ढोल नगाड़े के साथ जन जागरण किया गया। तीसरे चरण के तहत 9 जून को मशाल जुलूस निकाला गया। चौथे एवं अंतिम चरण में दो दिवसीय झारखंड बंद किया गया है। कहा कि रविवार को भी नेशनल हाइवे को जाम किया जाएगा।

## अधिवक्ता चंद्रनाथ भाई पटेल की माता की तीसरी पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**



चिन्हित झारखंड आंदोलनकारी नेता सह अधिवक्ता चन्द्रनाथ भाई पटेल की माता स्व घामेश्वरी देवी की तीसरी पुण्यतिथि मनायी गयी। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा दो मिनट मौन रख कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता टीपूलाल महतो तथा संचालन संजय पटेल ने किया। सभा को संबोधित करते हुए चन्द्रनाथ भाई पटेल ने कहा कि मेरी माता एक समाजिक व शिक्षाप्रेमी थी। बच्चों को पढाई के लिए हमेशा प्रेरित करती थी। सभा को सेवानिवृत्त शिक्षक मोहनलाल महतो, समाजसेवी कैलाश महतो, रूपलाल महतो, डॉ. नीलम पटेल, श्याम किशोर महतो, यशोदा देवी, नीलकंठ महतो, काजल कुमारी, रसल, राजेश, कुलदीप समेत कई लोगों ने भी संबोधित किया। इस अवसर चानो उच्च विद्यालय से प्रथम श्रेणी से उतीर्ण बच्चों को पुस्तक कापी व कलम देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय टॉपर को पुस्तक, कापी, कलम के अलावा पांच सौ नगद देकर सम्मानित किया गया।

## पूर्णाहुति के साथ 13वां रूद्र अखंड महायज्ञ संपन्न

**अपेम लाइव : लातेहार**



महुआडांड/लातेहार : बुढ़ा घाघ मे आयोजित तीन दिवसीय 13वां रूद्र अखंड महायज्ञ शनिवार को हवन व पूर्णाहुति के साथ संपन्न हो गया। यज्ञ का समापन श्रीकोट ( छत्तीसगढ़ ) से आये पंडित विद्याकांत तिवारी, ओंकार पाठक, मुरारी पाठक आदि ब्राह्मणों ने कराया। यजमान के रूप में जुगेन्द्र प्रसाद व उसकी पत्नी मौजूद थे । वहीं रूद्र अखंड महायज्ञ के आखरी दिन सभी भक्तजन यज्ञशाला पहुँचे व पूजा अर्चना की।इससे पूर्व गुरुवार को सैंकड़ो की भारी संख्या मे महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली । ये कलश यात्रा यज्ञ मंडप से प्रारंभ होकर लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर बुढ़ा घाघ जलप्रपात पहुंची, वहां वैदिक मंत्रोंच्चार के बीच कलश मे जल भरकर श्रद्धालु वापस यज्ञ मंडप पहुंचे तथा यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर कलश स्थापित किया ।इस दौरान हर हर महादेव, जय जय शिवशंकर, बोल बम के जयकारे से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा । शाम सात बजे से अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने मे जिप सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि इस्तेला नगेशिया, मुखिया रेखा नगेसिया, सुशील नगेसिया, समीर कुमार सिंह, देव नारायण प्रसाद, कामाख्या सिंह, राधेश्याम राम,रामदयाल राम, अमृत राम, श्याम राम समेत स्थानीय ग्रामीणों का भरपूर सहयोग रहा।

Bibek Maji (Director)
Mob : 7488175500
Kuldeep Pd. Rajak (Director)
Mob : 9934576931
SKY VIEW INTERNATIONAL SCHOOL
An English Medium co-educational School
Based on CBSE Curriculum
Hostel Facility for Boys & Girls
Preperation for Admission in Sainik School, Navodaya & Netarhat etc.
Titirchanch, Tilaiya Dam Road, Koderma
Mob # 7070493844

APEM LIVE